**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 830**
**मंगलवार, 27 जुलाई, 2021 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## समुद्र के पानी को पीने योग्य पानी में परिवर्तित किया जाना

**830. श्री एम.वी. श्रेयम्स कुमारः**

**क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(1) क्या सरकार ने पेयजल की निरंतर कमी को देखते हुए समुद्र के पानी को पीने योग्य पानी में परिवर्तित करने के लिए कोई योजना बनाई है;
(2) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(3) क्या सरकार इस योजना का केरल के कुछ क्षेत्रों सहित देश के अन्य भागों में विस्तार करने का विचार रखती है?

**उत्तर**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(डॉ. जितेंद्र सिंह)**

(क) जी, हां।
(**ख)-** (ग) **लक्षद्वीप केन्द्र शासित प्रदेश के एमिनी, एंड्रोथ, कदामत, चेतलट, कैल्पेनी तथा किल्टैन नामक द्वीपों में 1.5 लाख लीटर जल प्रति दिन उत्पादन क्षमता वाले 6 निम्न तापमान ऊष्मीय विलवणीकरण (LTTD) संयंत्र स्थापित किए जाने के लिए लक्षद्वीप प्रशासन का प्रस्ताव अनुमोदन किया गया था तथा इन संयंत्रों का विनिर्माण अग्रिम चरण में है। पहले भी, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के स्वायत्तशासी निकाय, राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान (NIOT) की स्वदेशी प्रौद्योगिकी LTTD पर आधारित तीन विलवणीकरण संयंत्रों को कावरत्ती, अगाती, एवं मिनिकॉय में विकसित एवं प्रदर्शित किया जा चुका है। इन प्रत्येक LTTD संयंत्रों की क्षमता 1 लाख लीटर जल उत्पादन प्रति दिन है।**